






# राजधानी में धूमधाम से गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन

## मुस्लिम महिलाओं ने गणेश प्रतिमा पर की पुष्पवर्षा, ग्वालियर में 300 से अधिक प्रतिमाओं का विसर्जन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** अनंत चतुर्दशी पर मध्य प्रदेश में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला जारी रहा। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन, धार, रतलाम, आष्टा, बड़वानी और ओंकारेश्वर समेत कई शहरों में श्रद्धालुओं ने ढोल-ढमाकों और जयघोष के साथ बप्पा को विदाई दी। कई स्थानों पर झांकियां और चल समारोह भी निकाले गए।

राजधानी में गणेश विसर्जन जुलूस का मुस्लिम समाजजनों ने स्वागत किया। मुस्लिम महिलाओं ने भगवान गणेश की प्रतिमा पर पुष्पवर्षा की और फूल-मालाओं से यात्रा का स्वागत किया। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और उनका परिवार भी जुलूस में शामिल रहा। वहीं, कलियासोत डैम किनारे बप्पा की विदाई के दौरान एक छोटी बच्ची भावुक होकर रोने लगी। परिजन उसे समझाते रहे। कलियासोत डैम में प्रतिबंध के बावजूद कुछ लोग गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन करते नजर आए। यहां सुरक्षा के लिहाज से पुलिसकर्मी भी तैनात नहीं थे। इंदौर में 103 साल पुरानी परंपरा के तहत शाम 6 बजे से नौ किलोमीटर से अधिक लंबे मार्ग पर झांकियां निकलनी शुरू हुईं। इनमें पौराणिक कथाओं के साथ नशामुक्ति, नारी शक्ति और सामाजिक संदेशों पर आधारित झांकियां शामिल रहीं। बड़वानी में भी करीब 40 झांकियों का कारवां निकला। ग्वालियर के सागरताल पर शाम तक 300 से अधिक प्रतिमाओं का विसर्जन हो चुका था। विसर्जन स्थल पर बैरिकेडिंग की गई और होमगार्ड के छह तैराक तैनात रहे। छोटी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए कटोरा ताल पर टंकियां रखी गईं। ओंकारेश्वर में ग्रामीण क्षेत्रों से 100 से अधिक गणेश प्रतिमाएं विसर्जन के लिए पहुंचीं। धार में श्रद्धालुओं ने विभिन्न जलस्रोतों पर विधि-विधान से प्रतिमाओं का विसर्जन किया। राजगढ़ में पुलिसकर्मियों ने शोभायात्रा निकालकर गणपति बप्पा को विदाई दी। खंडवा के ग्राम नाहल्दा में विसर्जन के दौरान दो सगे भाई तालाब में डूब गए। उनकी तलाश के लिए एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू अभियान शुरू किया। सीहोर के सीलखेड़ा में भी 16 वर्षीय अतुल अहिरवार की खदान के गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। प्रमुख विसर्जन स्थलों पर पुलिस, गोताखोर, होमगार्ड और एसडीआरएफ की टीमें तैनात रहीं। कई शहरों में चल समारोह के कारण यातायात मार्गों में बदलाव किया गया।

# फर्जी पासपोर्ट मामले में 75 आरोपी चिन्हित, 19 फरार

### बांग्लादेशी नागरिकों को भारतीय पासपोर्ट दिलाने का मामला
### फरार आरोपियों पर 20-20 हजार रुपये का इनाम

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी में बांग्लादेशी नागरिकों को फर्जी दस्तावेजों के जरिए भारतीय पासपोर्ट दिलाने वाले नेटवर्क की जांच में एसटीएफ ने अब तक 75 आरोपियों को चिह्नित किया है। इनमें बांग्लादेशी नागरिकों के साथ फर्जी दस्तावेज, पते और गवाह उपलब्ध कराने वाले लोग शामिल हैं। 19 आरोपी अभी फरार हैं। इन पर 20-20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है।




फरार आरोपियों में डबरा का गुलाब राय समेत दो, भोपाल के 14 और बैतूल के तीन आरोपी शामिल हैं। एसटीएफ डीआईजी राहुल लोढ़ा के मुताबिक, आरोपियों ने भोपाल, बैतूल, छिंदवाड़ा, डबरा और पाहुर्ना के मठों के पते का इस्तेमाल कर पासपोर्ट बनवाए। कुछ अफसरों और कर्मचारियों की मदद से पासपोर्ट तैयार होने की बात भी जांच में सामने आई है। पासपोर्ट सेवा केंद्र से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

जांच में करीब 70 फर्जी पासपोर्ट में से 50 में गयाप्रसाद गौतम, गुलाब राय और रियाल चौधरी उर्फ भंते मेतानंद ही गवाह बने। ज्यादातर पासपोर्ट में इन्हीं के मोबाइल नंबर भी दर्ज मिले हैं।

एसटीएफ के अनुसार, फरार आरोपी छह राज्यों में छिपे हो सकते हैं। इनमें मध्य प्रदेश के अलावा असम, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और पंजाब शामिल हैं। टीमों द्वारा संभावित ठिकानों पर दबिश की तैयारी की जा रही है।

मामले में अब तक छह आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इनमें रियाल चौधरी, विप्लब अधिकारी, प्रियान रॉय, जॉय चौधरी, नसीम अख्तर और गयाप्रसाद गौतम शामिल हैं। एसटीएफ ने गयाप्रसाद को 23 सितंबर को गिरफ्तार किया था।


## प्रो. धवन की जयंती पर मुख्यमंत्री ने किया नमन

**नप्र, भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सुप्रसिद्ध भारतीय रॉकेट वैज्ञानिक और इसरो के पूर्व अध्यक्ष, पद्म विभूषण से सम्मानित प्रो. सतीश धवन की जयंती पर नमन किया। उन्होंने कहा कि भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को नई दिशा और ऊंचाइयों तक ले जाने में प्रो. धवन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विज्ञान के क्षेत्र में उनकी उपलब्धियां सदैव प्रेरणादायी रहेंगी।

### एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर

# फार्मासिस्ट दिवस पर दवा के विवेकपूर्ण उपयोग का संदेश

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** स्टेट फार्मेसी काउंसिल के कार्यालय में विश्व फार्मासिस्ट दिवस मनाया गया। फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के मार्गदर्शन में फार्मेसी सप्ताह की शुरुआत भी इसी कार्यक्रम के साथ हुई। इस वर्ष देशभर में 'स्वस्थ भारत-एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस के खिलाफ लड़ाई' विषय पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मध्य प्रदेश में ये कार्यक्रम स्टेट फार्मेसी काउंसिल के तत्वावधान में होंगे। काउंसिल के अध्यक्ष डॉ.



संजय कुमार जैन ने कहा कि कम से कम दवाइयों का उपयोग कर शरीर की प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने की जरूरत है और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए।

काउंसिल की सचिव एवं रजिस्ट्रार भव्य त्रिपाठी ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को दवाइयों के प्रभाव और दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक होना चाहिए तथा दुष्प्रभावों से बचाव के उपायों पर विचार करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन फार्मासिस्ट जय सिंह पटेल ने किया। फार्मासिस्ट सौरभ जैन ने आभार व्यक्त किया।

# कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला और राज्य स्तर पर लगेंगे कैंप

- 26 सितंबर से शुरू होगा अभियान, सप्ताह में चार दिन वेतन-पेंशन
- अवकाश और पदोन्नति समेत सेवा संबंधी मामलों का होगा निराकरण

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षकों और कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए जिला और राज्य स्तर पर कर्मचारी कल्याण कैंप लगाए जाएंगे। लोक शिक्षण आयुक्त अभिषेक सिंह ने सभी संयुक्त संचालकों और जिला शिक्षा अधिकारियों को इसके निर्देश जारी किए हैं। कैंप का पहला चरण 26 सितंबर से शुरू होगा। कैंप में वेतन, पेंशन, अवकाश, विभागीय जांच, मेडिकल बिल, पदोन्नति समेत कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न सेवा संबंधी मामलों का निराकरण किया जाएगा। निर्देश के अनुसार जिला स्तर पर शनिवार, रविवार और सोमवार को, जबकि राज्य स्तर पर मंगलवार को कर्मचारी कल्याण कैंप लगाए जाएंगे। इस तरह सप्ताह में चार दिन कर्मचारियों की समस्याएं सुनी जाएंगी और उनके निराकरण की कार्रवाई की जाएगी। विभाग से जुड़ी करीब 20 हजार शिकायतें लंबित हैं। इधर, दिवंगत शिक्षकों और कर्मचारियों के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति देने की कार्रवाई भी तेज की गई है। गुरुवार को 146 अनुकंपा नियुक्ति आदेश जारी किए गए। इनमें भृत्य के 112 और सहायक ग्रेड-3 के 31 पद शामिल हैं। एक दिन पहले 600 नियुक्ति आदेश जारी किए गए थे। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह के अनुसार तीन दिनों में कुल 746 अनुकंपा नियुक्ति आदेश जारी किए जा चुके हैं।

# आंगन मिलन सेवा अभियान का शुभारंभ

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रूप कुमारी चौधरी, मध्य प्रदेश शासन की मंत्री कृष्णा गौर और महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे ने गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के बागसेवनिया स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 735, अमराई में 'आंगन मिलन सेवा अभियान' का शुभारंभ किया।

रूप कुमारी चौधरी ने कहा कि 'आंगन मिलन सेवा अभियान' आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सेवा, समर्पण और सामाजिक योगदान को सम्मान देने का अवसर है। उन्होंने कहा कि अभियान में आंगन, मिलन और सेवा का समन्वय है। आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के विकास, पोषण और संस्कार के महत्वपूर्ण केंद्र हैं।

कृष्णा गौर ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को शिक्षा, पोषण और देखभाल के साथ मां की ममता का भाव भी मिलता है। उन्होंने बताया कि 25 सितंबर से 5 अक्टूबर तक चलने वाले अभियान के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सेवा भाव और योगदान को सम्मान दिया जा रहा है। उन्होंने केंद्र में बच्चों से बातचीत की और परिसर में पौधारोपण किया। अश्विनी परांजपे ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी समाज के हर क्षेत्र में बढ़ रही है। महिलाओं के सम्मान, सशक्तिकरण और



आत्मनिर्भरता के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम महिलाओं के योगदान को सम्मान देने और सेवा भावना को मजबूत करने का माध्यम हैं। कार्यक्रम में मंत्री प्रतिमा बागरी, महिला मोर्चा की महामंत्री ज्योति सिंह सहित अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय रहवासी मौजूद रहे।

# गाँव-वार्ड में सरकारी सेवाएं पहुंचाने 3 और 4 अक्टूबर को लगेंगे सेवा सेतु कैंप

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश में आम लोगों को सरकारी योजनाओं और राजस्व विभाग की सेवाएं गांव और वार्ड के नजदीक उपलब्ध कराने के लिए सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार शुरू किया जा रहा है। राजस्व विभाग ने इसके दिशा-निर्देश जारी किए हैं। 3 अक्टूबर को सभी विकासखंडों में ग्रामीण क्षेत्रों और 4 अक्टूबर को नगरीय क्षेत्रों में वार्ड व जोन स्तर पर मेगा शिविर लगाए जाएंगे। दोनों दिन शिविर सुबह 11 से शाम 4 बजे तक चलेंगे।

अभियान में किसानों, ग्रामीणों, श्रमिकों, महिलाओं और वंचित वर्गों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की योजनाओं और सेवाओं का लाभ देने की व्यवस्था रहेगी। राजस्व विभाग इसकी नोडल भूमिका में रहेगा।

हर बड़े शिविर में कम से कम 25 सुसज्जित स्टॉल लगाए जाएंगे। स्वास्थ्य शिविर भी अनिवार्य होगा। बिजली, जनरेटर, कंप्यूटर-इंटरनेट, पेयजल, शौचालय, सुरक्षा, पार्किंग और प्रकाश व्यवस्था की जाएगी। तकनीकी समस्याओं के समाधान और निगरानी के लिए केंद्रीय नियंत्रण कक्ष बनाया जाएगा।

शिविरों में पहले से लंबित शिकायतों और विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं का भी निराकरण किया जाएगा। आवेदनों और निराकरण की रिपोर्ट रोज शाम 6 बजे तक राज्य पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और नगरीय क्षेत्रों में संबंधित अधिकारी शिविर के प्रभारी रहेंगे।

# मरठा कलार समाज ने गणेश प्रतिमा का विसर्जन किया



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मरठा कलार समाज एवं श्री गणेश सहस्त्रबाहु सांस्कृतिक जनकल्याण समिति के तत्वावधान में एकता पुरी स्थित श्री गणेश सहस्त्रबाहु मंदिर परिसर में स्थापित गणेश प्रतिमा का अनंत चतुर्दशी पर विसर्जन किया गया। दस दिनों तक पूजन, आरती, भजन-जागरण और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। मिथुन विजयवार एवं मीना विजयवार की यजमानी में पंडित कौशल किशोर ने पूजन, कथा-पाठ और हवन कराया। इसके बाद प्रसादी वितरण किया गया। समिति कोषाध्यक्ष सुधाकर राऊत ने भी घर पर स्थापित प्रतिमा का विसर्जन किया। इस अवसर पर राजन सेवईवार, लक्ष्मण डोहरे, डीसी धुवारे सहित समाजजन उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा से समृद्ध होगी माध्यमिक कक्षाओं की शिक्षण पद्धति

- 28 सितंबर से विषय विशेषज्ञों का उन्मुखीकरण
- नई पाठ्य पुस्तकों और नवाचारी शिक्षण पद्धतियों पर होगा फोकस

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्य प्रदेश में कक्षा 6वीं से 8वीं तक के विद्यार्थियों के शिक्षण-अधिगम को नई दिशा देने के लिए माध्यमिक शिक्षकों को नई एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा-2023 की अनुशंसाओं के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जाएगा। संचालक राज्य शिक्षा केंद्र हरजिंदर सिंह ने बताया कि सत्र 2026-27 में गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण श्रृंखला शुरू की जा रही है।

पहले चरण में 28 सितंबर से 1 अक्टूबर तक राज्य संसाधन समूह के चयनित विषय विशेषज्ञों का चार दिवसीय राज्य स्तरीय उन्मुखीकरण होगा। इसके बाद चयनित मास्टर ट्रेनर्स का पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण 5 अक्टूबर से 6 नवंबर तक संभागीय मुख्यालयों की डाइट में आयोजित किया जाएगा। ब्लॉक स्तर पर कक्षा 6वीं से 8वीं तक के संबंधित शिक्षकों का प्रशिक्षण 12 अक्टूबर से 20 नवंबर तक होगा। उन्मुखीकरण में कक्षा 7 की नई पाठ्य पुस्तकों की शिक्षण पद्धति, गतिविधि आधारित शिक्षण और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा की अनुशंसाओं पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही जॉयफुल लर्निंग, मानसिक स्वास्थ्य, नैतिकता एवं मूल्य, आईजीओटी पोर्टल, कौशल बोध और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विषय भी शामिल होंगे। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षण-अधिगम सामग्री तैयार करने की गतिविधियां भी कराई जाएंगी, ताकि शिक्षक कक्षा में अवधारणाओं को प्रभावी और रोचक तरीके से विद्यार्थियों तक पहुंचा सकें।

# बिरसिंहपुर सोलर-बैटरी स्टोरेज परियोजना पर निवेशकों से संवाद




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश में हरित ऊर्जा एवं ऊर्जा भंडारण के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2027 के लिए निवेश संभावनाओं को सामने लाने के उद्देश्य से नई दिल्ली स्थित मध्यप्रदेश भवन में बिरसिंहपुर 200 मेगावाट फ्लोटिंग सोलर प्लस 50 मेगावाट/100 मेगावाट घंटा बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम परियोजना पर निवेशक संपर्क एवं हितधारक परामर्श कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास संजय दुबे ने परियोजना तथा प्रदेश में हरित ऊर्जा एवं ऊर्जा भंडारण क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश नवाचारी पूल्ड फाइनेंसिंग तंत्र और शासन के सहयोग से शहरी अधोसंरचना के वित्तपोषण में नया मानक स्थापित कर रहा है। डेवलपर्स, वित्तीय संस्थानों और ऊर्जा क्षेत्र के प्रमुखों की रुचि प्रदेश की विकास दृष्टि और संस्थागत विश्वसनीयता में निवेशकों के विश्वास को दर्शाती है। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड के प्रबंध संचालक मंजीत सिंह ने परियोजना के उद्देश्य एवं स्वरूप की जानकारी दी। अधीक्षण अभियंता अवनीश शुक्ला ने परियोजना का विस्तृत प्रस्तुतिकरण किया। निवेशकों एवं अन्य हितधारकों के साथ प्रश्नोत्तर सत्र में परियोजना से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई और सुझावों का आदान-प्रदान किया गया। कार्यक्रम का समन्वय मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के तकनीकी अधिकारी कमलेश भटनागर और सीईओ गणवीर सिंह ने किया।